हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 25 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला से प्रदेश भर में 326 करोड़ 25 लाख रूपए की विकास परियोजनाओं का उदघाटन व् शिलान्यास किया।

2. मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाया।

3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना व् मोबाइल एप्प का शुभारम्भ किया। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रूपए मिलेंगे।

4. हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों ने पंजीकरण किया।

5. मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पंचकूला के शहीद स्मारक पर श्रमदान किया।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला से प्रदेश भर में 326 करोड़ 25 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं में स्वास्थ्य क्षेत्र की 78 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत वाली 31 परियोजनाओं का उद्घाटन और 78 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत की 97 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

इसके अलावा 80 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से 10 स्वास्थ्य संस्थाओं का नवीनीकरण भी शामिल है। साथ ही, लोक निर्माण विभाग व शहरी स्थानीय निकाय की एक-एक परियोजना का शिलान्यास भी किया गया है, जिनकी लागत 89 करोड़ 37 लाख रुपये है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

**************************************************************
********

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - "सेवा पर्व" में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाया है।

11 साल पहले देश की सत्ता संभालते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सपना देखा था...देश के करोड़ों युवाओं को हुनरमंद बनाने का सपना...इसके लिए शुरू की गई स्किल इंडिया योजना... इसी योजना का हिस्सा है प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना.. 15 जुलाई 2015 को शुरू हुई इस योजना ने एक दशक का लसफर पूरा कर लिया है. अपने इस सपने को लेकर प्रधानमंत्री का कहना है,

इस योजना के तहत जुलाई 2025 तक करीब एक करोड़ तिरसठ लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है.. जिनमें 45 फीसद महिलाएं हैं... इस योजना का

चौथा चरण शुरू हो चुका है.. जो अगले साल तक चलेगा... इसके तहत प्रशिक्षित युवाओं को जहां मनपसंद कैरियर चुनने में मदद मिल रही है... वहीं उन्हें अपना रोजगार खड़ा करने की सहूलियत भी हो रही है... ऐसे ही एक लाभार्थी उमेश कुमार कहते हैं,

स्किल इंडिया मिशन ना सिर्फ देश, बल्कि विदेशों में भी भारतीय युवाओं की क्षमता को नई पहचान दिला रहा है। ये संभव हुआ है, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और दूरदृष्टि से...उन्हीं की देन है कि आज स्किल इंडिया मिशन नए भारत की सशक्त पहचान बन गया है।अश्विनी कुमार शर्मा,आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

****************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला के ताऊ देवी लाल खेल परिसर से दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आवेदन के समय आने वाली समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए। कार्यक्रम के दौरान पांच पात्र महिलाओं का लाइव पंजीकरण भी करवाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा –

मुख्यमंत्री ने बताया कि मोबाइल ऐप जारी होने के कुछ समय के भीतर ही लगभग 50 हजार महिलाओं ने अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड किया है और लगभग 8,000 महिलाओं ने आवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ 23 से 60 वर्ष की आयु की उन विवाहित व अविवाहित बहनों को मिलेगा, जिनके परिवार की सालाना आय 1 लाख रुपये तक है। 2100 रुपये मासिक आर्थिक सहायता पात्र महिलाओं के बैंक खातों में मिलनी शुरू हो जाएगी। योजना एक परिवार की जितनी भी महिलाएं योजना के लिए पात्र होंगी, सभी को इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। पहले चरण में प्रदेश की लगभग 20 लाख माताओं बहनों को इसका लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि आज का दिन गर्व का दिन है।

******************************************************************
********

हरियाणा के विभिन्न जिलों में सरकार की महत्वाकांक्षी 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता मंत्रियों , विधायकों और अधिकारियों ने की।

भिवानी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति राव चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह सरकार जो कहती है , वो करती भी है।

जींद में कार्यक्रम की अध्यक्षता उपयुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने की। जींद की एक लाभार्थी पूजा ने कहा कि यह सरकार का बहुत ही सराहनीय कदम है। इससे बाहर जा के काम न कर पाने वाली महिलाओं को लाभ होगा।

बल्लभगढ़ में कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्माने की। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर एक लाभार्थी सविता ने कहा –

कुरुक्षेत्र में खेल मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के विकास को लेकर कृतसंकल्प है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष सुद्धा भी मौजूद रहे।उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण भी किया।

******************************************************************
*******

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्रीनायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निकायों में स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छता

रैंकिंग शुरू की जाएगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निकायों को प्रोत्साहित किया जाएगा और साथ ही इस अभियान में लगे स्वच्छता मित्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में शहीद स्मारक में विशेष श्रमदान अभियान ‘‘एक दिन, एक घंटा, एक साथ‘‘ के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

****************************************************************
*******